समर्थन मूल्य पर खरीद कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिये खरीद प्रक्रिया को रोका सरसों एवं चने के पंजीकरण एवं खरीद को तत्काल किया स्थगित

District : dipr
Department :
VIP Person : General
Press Release
State News
Attached Document :
LK-22-03-2020-2.docx (http://103.203.138.54/news/195343/document/LK-22-03-2020-2.docx)

DESCRIPTION

समर्थन मूल्य पर खरीद
कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिये खरीद प्रक्रिया को रोका
सरसों एवं चने के पंजीकरण एवं खरीद को तत्काल किया स्थगित

जयपुर, 22 मार्च। सहकारिता मंत्री श्री उदय लाल आंजना ने रविवार को बताया कि राज्य में सरसों एवं चने की समर्थन मूल्य पर खरीद की प्रक्रिया को तत्काल स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिये यह कदम उठाया गया है।

श्री आंजना ने बताया कि समर्थन मूल्य पर प्रदेश में दलहन एवं तिलहन की खरीद के लिये कोटा संभाग में 6 मार्च से पंजीयन प्रारम्भ किया गया था तथा शेष राजस्थान में 18 मार्च से ऑनलाइन पंजीयन प्रारम्भ था। उन्होंने बताया कि कोटा संभाग में 16 मार्च से सरसों एवं चने की खरीद शुरू हो चुकी थी जबकि प्रदेश के अन्य हिस्सों में 1 अप्रेल से खरीद शुरू होनी है। उन्होंने कहा कि कोराना वायरस के संक्रमण को रोकने के लिये किये जा रहे राज्यव्यापी उपायों के तहत समर्थन मूल्य पर सरसों एवं चने की खरीद प्रक्रिया को आगामी आदेशों तक स्थगित कर दिया गया है।

राजफैड की प्रबंध निदेशक श्रीमती सुशमा अरोड़ा ने बताया कि प्रदेश में खरीद प्रक्रिया को स्थगित किये जाने के संबंध में सभी खरीद प्रभारियों को निर्देश जारी कर दिये हैं। उन्होंने बताया कि जैसे ही कोरोना संक्रमण के नियंत्रण के संबंध में उच्च स्तर से निर्देश जारी होंगे, खरीद प्रक्रिया को चालू किये जाने के निर्णय से संबंधित किसानों को सूचित कर दिया जायेगा।